**<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>**

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# <u>नागर विमानन मंत्रालय ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सहयोग से 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया</u>

**नई दिल्ली, 21 जून, 2024:** नागर विमानन मंत्रालय द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) के सहयोग से राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नागर विमानन मंत्रालय के सचिव श्री वी. वुअलनाम, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार और नागर विमानन मंत्रालय, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो, नागर विमानन महानिदेशालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रातःकाल आयोजित इस कार्यक्रम में नागर विमानन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और अन्य संबद्ध विभागों और कार्यालयों से बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) की योग गुरु और उनकी टीम द्वारा सामान्य योग प्रोटोकॉल अभ्यासों का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री, श्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है लेकिन अब यह विश्व स्तर पर भी लोकप्रिय हो गया है। इस भागदौड़ भरी ज़िंदगी में योग सभी को शांति और बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने में सहायक है। विमानन जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में काम करने वाले पेशेवरों के लिए योग विशेष रूप से लाभकारी है।

योग हमारे जीवन में अनुशासन लाता है जो अंततः हमारे स्वास्थ्य और जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होता है। इसकी उत्पत्ति भारत के इतिहास (पूर्व-वैदिक काल) में निहित है और योगाभ्यास मन और शरीर दोनों को संतुलित करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय वर्ष 2014 में लिया था। योग की यह विश्वव्यापी स्वीकृति हमारे देश के लिए गौरव की बात है क्योंकि योग हमारे राष्ट्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का एक अभिन्न अंग है।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 का विषय **'स्वयं और समाज के लिए योग'** है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया महाप्रबंधक (निगमित संचार) से संपर्क करें:

011-20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 03/2024-25

माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू ने 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नागर विमानन मंत्रालय के सचिव श्री वी. वुअलनाम और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री

योगासन का अभ्यास

योगासन का अभ्यास